'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

प्रकाशन तिथि– 31 अक्टूबर, 2013

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 16 ● अंक 23 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 16 से 31 अक्टूबर, 2013

एक सद्गुणी व्यक्ति तृष्णावश, क्रोध, अज्ञान या भय से भ्रमित नहीं होता।

—गौतम बुद्ध

हमारा जुर्म

डॉ. उदित राज

हम भावना एवं सपना दोनों से दूर रहे। बहुतों को यह बात समझ में आई नहीं। हमारा देश भावनाओं का है शायद इसका एहसास हमें नहीं हो पाता। हमारी जमात पढ़े–लिखे लोगों की है जो तर्कसंगत और व्यवहारिक है। यह भी बहुत सच है कि इन पढ़े–लिखे लोगों का नेतृत्व भी इसी तरह किया गया।

हमसे सुखी और ताकतवर वे लोग हैं जिन्होंने समाज को बड़ा सपना दिखाकर शक्ति इकट्ठा करने का महारत हासिल कर लिया है। बस एक ही बात कहना है कि सत्ता प्राप्ति करो, सारी समस्याओं का निवारण तुरंत हो जाएगा। सत्ता वह चाभी है जिससे सारे बंद ताले खुल जाते हैं। यह सच है कि राजनैतिक सत्ता की ताकत सबसे बड़ी होती है। दलितों, आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों एवं पिछड़ों को यहीं से अधिकार एवं सम्मान मिलते हैं। परिस्थितियां बदली हैं और अब कुछ बंद ताले संसद से खुलते हैं तो कुछ उच्च न्यायपालिका से। मीडिया एवं उद्योग जगत भी कुछ बंद तालों को खुलवाने में सक्षम हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में बैठे दो जजों ने चंद मिनटों में फैसले दे दिए कि जो दो वर्ष से ज्यादा की सजा प्राप्त कर चुका हो, उसकी संसदीय व विधायिका की सदस्यता खत्म कर दी जाए। हो सकता है कि संसद को ऐसा कानून बनाने में सालों लग जाते हैं क्योंकि वहां की प्रक्रिया जटिल है और विपक्ष भी बैठा हुआ है। आज से कुछ साल पहले क्या सोचा गया था कि क्या न्यायपालिका कानून बनाने का काम करने लगेगी, जो केवल जनप्रतिनिधियों का अधिकार है? यह सरेआम असंवैधानिक एवं अलोकतांत्रिक कार्य उच्च न्यायपालिका कर रही है। संसद में जिन्हें यह बोलना चाहिए था वह भ्रष्टाचार के मामले में गले तक फंसे हुए हैं तो इसे कौन उठाए?

इस देश की चुनावी राजनीति बिना काले धन के असंभव हो गई है अतः पूंजीपतियों का नियंत्रण सत्ता पर अच्छा–खासा हो गया है। एक बार जिसके विरूद्ध में खड़े हो जाएं, मजाल है कि सरकार कुछ कर सके उदाहरण के रूप में निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए सरकार ने विभिन्न समितियां बनाकर के कवायद शुरू की तो उद्योग जगत अड़ गया और अभी तक कोई प्रगति नहीं हो सकी और जब तक बड़ा आंदोलन नहीं होगा तो संसद से कानून बनवाना असंभव है। बड़े आंदोलन की तैयारी में सदा अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ प्रयासरत् रहता है। मीडिया भी जिस काम को कराने व न कराने की ठान ले तो राजनैतिक सत्ता को कई बार कदम पीछे खींचना पड़ता है।

जब तक सत्ता न मिले चाहे जितने जुल्म हों, आरक्षण समाप्त हो जाए, कर्मचारियों–अधिकारियों की नाना प्रकार की प्रताड़ना, खाली पदों के ऊपर भर्ती न होना, भूमिहीनों को भूमि न देना, न्यूनतम मजदूरी से वंचित करना, सफाई काम में ठेकेदारी प्रथा, बलात्कार व हत्या, नए नौकरियों का सृजन न होना आदि बुनियादी समस्याओं पर न कुछ बोलना, न संघर्ष करना, संसद व विधानसभाओं में भी पूरे मन से सवाल न उठाना, धरना–प्रदर्शन आदि सब बंद। गत् दो–तीन दशक से समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा सत्ता प्राप्ति के नशे में निकम्मा बनकर के बैठा है और परिणाम यह हुआ कि चारो तरफ अत्याचार बढ़े हैं, अधिकारों में कटौती हुई है और नए अधिकारों की मांग आदि के प्रति संवेदनहीनता। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने यह तो नहीं कहा कि जब सत्ता मिलेगी तभी वे मान–सम्मान व अधिकार दिला सकेंगे। समयातंराल और परिस्थितिजन्य दिन प्रति दिन के आधार पर उन्होंने संघर्ष किया चाहे वह मंदिर प्रवेश की बात थी या तालाब के पानी का इस्तेमाल, आरक्षण, बौद्ध धर्म की दीक्षा, मजदूरों को संगठित करना एवं सामाजिक कुरीतियों को मिटाना। सत्ता भी प्राप्त हो जाए तो जादू नहीं हो जाएगा कि रातोंरात उत्थान हो जाए। परिसंघ पूरी तरह से सत्ता प्राप्ति करने में यकीन करते हुए दिन प्रति दिन के आधार पर संघर्ष करना और जागृति पैदा करना में यकीन करता है। अतः पूर्ण जिम्मेदारी भरा कार्य न कि बिना कुछ किए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य को दिखाकर समाज का साधन, समय, संसाधन का इस्तेमाल करते जाना। सत्ता में आने पर भी तुगलकी फरमान न कोई मुख्यमंत्री न प्रधानमंत्री जारी कर सकता है कि जो वह चाहे कानून बना दे। पक्ष और विपक्ष भी है और कानून और अधिकार देने की एक प्रक्रिया होती है। सत्ता किसी एक व्यक्ति के पास हमेशा के लिए नहीं आती बल्कि उसका स्थानांतरण होता रहता है। अतः जो लोग सत्ता प्राप्ति के नशे में आंदोलन का राह छोड़ चुके हैं वह समाज को दे नहीं रहे हैं बल्कि मूर्ख जरूर बना रहे हैं।

परिसंघ न केवल इस तरीके का खंडन करता है बल्कि अनवरत् संघर्ष के साथ सत्ता की प्राप्ति में यकीन। कुछ दलित कर्मचारी–अधिकारी और बुद्धिजीवी केवल समाज को जगाने के नाम पर साधन, समय एवं बुद्धि का इस्तेमाल कर रहे हैं। वह एक कथावाचक की भूमिका निभा रहे हैं। दुश्मन की आलोचना करने में अच्छा तो लगता ही है। इसलिए जब ये लोग ब्राह्मणवाद पर हमला करते हैं तो हमारे लोगों को अच्छा लगता है। इससे मानसिक तुष्टि मिलती है। ब्राह्मणवाद के द्वारा बिछाए गए परंपराएं, कुरीतियां, अंधविश्वास एवं भाग्यवाद आदि पर हमला इस तरह बोलते हैं कि मानों भाषण और शब्दों से यह खत्म हो जाएगा जबकि विकल्प का सुझाव नहीं देते ओर न व्यवहारिक कार्यक्रम का। ब्राह्मणवाद का विकल्प बौद्ध धर्म या नास्तिकता हो सकता है तो क्या ये लगभग 30 साल में ये कर सके? सरकारी नौकरियों में आरक्षण जरूरी इसलिए ही नहीं है कि जो लोग विभिन्न पदों पर आसीन हैं उन्होंने अपनी जिंदगी बेहतर कर ली है बल्कि वह समाज की सोच है। जिस समाज की सोच खत्म हो जाती है वह प्रतिष्ठा, भागीदारी एवं अधिकार की लड़ाई नहीं लड़ सकती। कालिदास की कहावत चरितार्थ है कि जिस डाल पर बैठा उसी को काट्ना और यह यहां सटीक बैठती है और यही कर्मचारी–अधिकारी स्वयं आरक्षण का लाभ लेकर इस स्थिति में पहुंचे हैं वे ही आरक्षण की लड़ाई तो लड़ना दूर, यह कहते दिखते हैं कि हम देनेवाले बनेंगे। देनेवाले हम हों इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती लेकिन क्या तब तक जो भागीदारी व अधिकार हमारें हैं उसे छीनने दें, सुरक्षित करने के लिए संघर्ष न करें। उदारीकरण ने हमारी भागीदारी कम ही किया है और आनेवाले दिनों में आसार अच्छे नहीं हैं तो उस परिस्थिति में क्या हम कभी देनेवाले हो सकेंगे? देनेवाले हम तभी हो सकते हैं जब दिन प्रति दिन के आधार पर आवाज उठाएं, संघर्ष करें और जहां भी संभव है अधिकार को जीतें। वैकल्पिक संस्कृति एवं धर्म की स्थापना करने के लिए व्यवहार में उतरें।

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने कोई बड़ा सपना नहीं दिखाया और न ही शक्ति को सिद्धांत तक ही सीमित रखा। सिद्धांत एवं व्यवहार को सामंजस्य बनाया और यही कारण है कि उसके संघर्ष की वजह से 81वां, 82वां एवं 85वां संवैधानिक संशोधन हुआ और आरक्षण बचा। 4 नवंबर 2001 को लाखों लोगों को बौद्ध धर्म की दीक्षा देकर के वैकल्पिक सांस्कृतिक लड़ाई लड़ा। पिछड़ों को जब उच्च शिक्षण संस्थान

शेष पृष्ठ 3 पर ...

परिसंघ की रैली की तिथि एवं स्थान में बदलाव

आगामी शीतकालीन संसद सत्र की तिथि में बदलाव के कारण परिसंघ की रैली जो 25 नवंबर को होनी थी वह अब 16 दिसंबर, 2013 को होगी। साथ ही रामलीला मैदान के स्थान पर रैली अब दिल्ली के जंतर-मंतर पर होगी।

-डॉ. उदित राज
(राष्ट्रीय अध्यक्ष)

विश्व के सभी धर्मों पर बौद्ध धम्म की प्रमाणिकता श्रेष्ठ

बौद्ध धर्म की लोकप्रियता आज दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गई है। ऐसा अकारण नहीं हुआ है। इस गहन चर्चा के कारण अति उत्साहजनक दो समाचार हैं : पहला समाचार, बौद्ध साधना पद्धति के उत्साहपूर्वक परिणामों को साबित करते हुए दिनांक 2 नवंबर 2012 के दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र (नई दिल्ली) में प्रकाशित हुआ था, जो इस प्रकार है :

''वैज्ञानिकों ने तलाशा दुनिया का सबसे खुशहाल इंसान'' लंदन, एजेंसियां : हर इंसान चाहता है कि वह खुश रहे। उसे किसी बात की फिक्र न सताए, कोई गम न हो। मगर चाहकर भी ऐसा हो नहीं पाता। लेकिन एक बौद्ध भिक्खु ऐसा है जिसे सचमुच कोई गम नहीं है और वह दुनिया का सबसे खुशहाल इंसान है। वैज्ञानिकों ने 66 वर्षीय मैथ्यू रिकर्ड को दुनिया का सबसे खुशहाल व्यक्ति बताया है। रिकर्ड के मस्तिष्क की स्कैनिंग का अध्ययन करने के बाद उन्होंने यह दावा किया। करीब 40 साल पहले रिकर्ड ने भौतिकवादी दुनिया से मुंह मोड़ लिया था और बोधि की प्राप्ति के लिए भारत आ गए थे। तब से उनका अधिकांश समय ध्यान (मेडिटेशन) में गुजरता है। रिकर्ड इसे ही अपनी खुशी और संतुष्ट जीवन का रहस्य बताते हैं। वह तिब्बत के अध्यात्मिक गुरू दलाई लामा के भी बेहद करीबी हैं। पूर्व में हुए अध्ययन में ध्यान के कई फायदे सामने आ चुके हैं, लेकिन इस अध्ययन से पता चला है कि यह इंसान के खुश रहने की क्षमता को बढ़ा देता है।

विस्कांसिन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में सैकड़ों लोगों को शामिल किया था जो नियमित ध्यान करते थे। प्रमुख शोधकर्ता व न्यूरोसांइटिस्ट, रिचर्ड डेविडसन ने मैथ्यू के मस्तिष्क की स्कैनिंग करने के लिए उनके सिर पर कई तार लगाए, जिनसे 256 सेंसर जुड़े थे। उन्होंने पाया कि मैथ्यू जब बहुत गहराई में जाकर ध्यान करते हैं तो उनके मस्तिष्क से गामा तरंग उठती है। ये तरंगे चेतना, सावधानी और याददाश्त से जुड़ी होती है और रिकर्ड को खुश होने का अनुभव देती है। डेविडसन ने बताया कि इससे पहले किसी भी स्कैनिंग में इस तरह के परिणाम मिले थे। वैज्ञानिकों ने रिकर्ड के मस्तिष्क के बाएं हिस्से में स्थित प्रीफ्रंटल कोर्टेक्स में भी बहुत सक्रियता पायी, इस कारण भी उन्हें बहुत ऊंचे स्तर पर खुश रहने की अनुभूति होती है, साथ ही नकारात्मकता का स्तर घटता चला जाता है।

शोधकर्ताओं ने इस अवस्था को 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' नाम दिया है। उनका कहना है कि यह अध्ययन इस बात को समझने में एक नई दिशा होगी कि क्यों कुछ लोग बहुत खुश होते हैं, जबकि बाकी लोग ऐसा नहीं कर पाते।''

अभी कुछ ही दिन बीते थे, तुरंत ही दूसरा समाचार भी बौद्ध साधना पद्धति के महत्व को जताने वाला प्रकट हो गया। यह समाचार दिनांक 12 दिसंबर 2012 के 'राष्ट्रीय सहारा' नामक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। समाचार इस प्रकार था :

''ब्रिटेन के 4000 सैनिक बोधगया आएंगे'' : ब्रिटेन के सैनिक अफगान व इराक युद्ध में लड़ने के कारण मनोवैज्ञानिक बीमारियों से पीड़ित हो गए हैं। मनोवैज्ञानिक बीमारी ''पोस्ट ट्रामैटिक स्ट्रेस डिस्आर्डर (पीटीएसडी)'' से पीड़ित ऐसे 4000 सैनिकों को तनाव व मानसिक दबावों से उबरने के लिए बिहार स्थित बोधगया भेजा जाएगा। ब्रिटेन के सैनिकों के दल जनवरी के पहले सप्ताह से बोधगया आना शुरू करेंगे और महाबोधि वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान लगाएंगे।

ब्रिटेन ने जनवरी के पहले सप्ताह से 100-150 सैनिकों के दल को बोधगया भेजने की योजना बनाई है। ब्रिटेन के सैनिक बोधगया आकर ध्यान आदि लगाना सीखकर युद्ध की विभीषिका से उबरने का प्रयास करेंगे। ब्रिटेन के सैनिक बोधगया के पवित्र वृक्ष ''महाबोधि'' के नीचे ध्यान लगाएंगे। इसी वृक्ष के नीचे बैठकर बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। ये सैनिक छः दिन बोधगया में बिताएंगे और एक दिन उत्तर प्रदेश स्थित सारनाथ में व्यतीत करेंगे।

बिहार के पर्यटन मंत्री सुनील कुमार पिंटू ने बताया कि ब्रिटेन क सैनिकों के अलग-अलग दल लगभग पूरे साल बिहार आएंगे। लंदन में 5 से 8 नवंबर के दौरान आयोजित वर्ल्ड टूरिज्म मार्ट में ब्रिटेन और बिहार के बीच समझौता हुआ था।''

एक समय ऐसा था, जब इस देश के चप्पे-चप्पे पर बौद्ध धम्म एवं संस्कृति का प्रभाव व्याप्त था घर-घर में शील-सदाचार के पालन के साथ ही बौद्ध साधना का अभ्यास किया जाता था। यह वही युग था जब इस देश में लोग अपने घरों में ताले नहीं लगाते थे। यही कारण है कि प्राचीन पाली साहित्य में 'ताला (Lock)' शब्द ढूंढने पर भी नहीं मिलता। जब तक इस देश में बौद्ध धर्म का साम्राज्य रहा इस देश पर कभी कोई आक्रमण नहीं हुआ। यह ऐतिहासिक रूप से प्रमाणित सत्य है कि ज्यों ही इस देश से बौद्ध धम्म को बलपूर्वक खदेड़ा गया, त्यों ही यह भारत देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ता गया। विदेशियों के षड्यंत्र भी सफल होने लगे और आक्रमण भी। सदियों तक हमारा देश गुलाम रहा।

यहां मुझे भूतपूर्व गृहमंत्री भारत सरकार और मध्य प्रदेश के राज्यपाल (तत्कालीन) पंडित कैलाश नाथ काटजू जी के प्रेरणादायी शब्द याद आ रहे हैं, जो उन्होंने सारनाथ स्थित मूलगंधकुटी विहार, सारनाथ के उद्घाटन के अवसर पर कह रहे थे :

''जब बौद्ध धर्म का इस देश से लोप हुआ, उसी दिन से यह महान देश, विदेशियों के शोषण

और गुलामी का शिकार बना। 900 वर्षो तक यह देश गुलाम रहा, जिसमें 700 वर्ष मुगलों की गुलामी और 200 वर्ष अंग्रेजों की गुलामी रही। जिस दिन से बौद्ध धम्म के पुनरोद्धार की बात आरंभ हुई उसी दिन से भारत की स्वतंत्रता का आंदोलन आरंभ हुआ। इसका यही अर्थ है कि बौद्ध धर्म मंगलकारी और कल्याणकारी सधर्म है। इसका ध्येय स्वराज्य स्थापित करना था। इसके अतिरिक्त जिस दिन बौद्ध धर्म को इस देश से खदेड़ा गया उसी दिन से भारत की जनता विदेशी आक्रमणों का शिकार हो गई। इन 900 वर्षो का इतिहास मुगलों और अंग्रेजी शासकों का इतिहास है। इन दोनों नस्लों के शासनकाल में मंगलकारी धर्म-बौद्ध धम्म के स्थान पर शनैः-शनैः अत्याचारी धर्म (मनुवाद/सनातन धर्म/ब्राह्मणवाद) ने स्थान लिया। यही 'ब्राह्मणवाद' की इस देश को महान देन है।

इस सत्याधारित ऐतिहासिक कथन के आधार पर हम कह सकते हैं कि 'बौद्ध धर्म और स्वतंत्रता (Liberty)' का चोली दामन का साथ है। बौद्ध धम्म के विरुद्ध षड्यंत्र रचने के बाद भी अब वह दमदार तरीके से लौट रहा है। निःसंदेह बौद्ध धर्म की यह सुखद आहट हमें बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी के कुशल प्रयासों के परिणामस्वरूप ही सुनाई देने लगी है।

लगे हाथों हम यह भी बताते चलें कि स्वीट्जरलैंड से प्रकाशित, 15 जुलाई 2009 को 'ट्रिब्यून डि सिल्वा' नामक समाचारपत्र के अंक के अध्ययन से ज्ञात होता है कि संसार के सभी धर्मों के तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात् यह निष्कर्ष निकाला गया कि बौद्ध धर्म ही संसार का सर्वश्रेष्ठ धर्म है। अपने सुधी पाठकों के लिए उक्त समाचार को यहां पर यूं का यूं ही प्रस्तुत किया जा रहा है :

''सर्वश्रेष्ठ धर्म पुरस्कार बौद्ध धम्म को''

जेनेवा स्थित कोलिशन फॉर दि एडवांसमेंट ऑफ रिलीजन्स एंड स्प्रिचुअलिटी' (आईसीएआयूएस) ने 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ धर्म' का पुरस्कार इस वर्ष बौद्ध समुदाय को दिया है।

इस पुरस्कार का निर्णय आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रत्येक हिस्से के 200 से भी अधिक धर्म गुरूओं के एक अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन ने किया। यह देखना अपने आप में मन मोहित कर देने वाला था कि अनेक धर्मगुरूओं ने अपने धर्म को नहीं बल्कि बौद्ध धर्म को ही मत दिया। हालांकि आईसीएआरयूएस की सदस्यता के मामले में बौद्धों की संख्या बहुत ही कम है। यहां चार मतदाता सदस्यों की टिप्पणियां दी जा रही है :

आईसीएआरयूएस के शोध निदेशक जोना हलट महोदय के अनुसार, ''मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि बौद्ध धर्म को विश्व का सर्वश्रेष्ठ धर्म का पुरस्कार मिला, क्योंकि शब्दतः हमें बौद्ध धर्म के नाम पर लड़े जाने वाले युद्ध का एक भी उदाहरण नहीं मिला, जबकि अन्य सभी धर्म बगल में बंदूक रखे दिखाई देते हैं कि कहीं कोई ईश्वर (की शान में) गलती करें तो (उसे तुरंत गोली मार देंगे)। हमें बहुत कोशिश करने पर भी ऐसा एक भी बौद्ध नहीं मिला जो कभी किसी (आतंकी) सेना में रहा हो। ये लोग (बौद्ध धम्म आवलंबी) जो उपदेश देते हैं और उनका जिस सीमा तक पालन करते हैं ऐसे उपदेश और उनका पालन करने की यह सीमा, किसी अन्य आध्यात्मिक परम्परा में विद्यमान है; ऐसा हम किसी अन्य आध्यात्मिक परंपरा में दर्ज (Record) नहीं कर सके।''

एक कैथोलिक पादरी फादर टेड ओ शॉनेसी ने बेलफासट में कहा : ''जितना मैं कैथोलिक चर्च से प्रेम करता हूं, मैं इस बात को लेकर हमेशा परेशान रहा हूं कि हम अपने धर्मशास्त्र में प्रेम का उपदेश देते हैं और फिर भी जब बात अन्य इंसानों की हत्या करने की आती है तो हम परमेश्वर की इच्छा ज्ञात होने का दावा करते हैं (कि ईश्वर की ऐसी इच्छा थी)। इस कारण, मुझे अपना मत (वोट) बौद्धों के पक्ष में ही डालना पड़ा।''

पाकिस्तान के एक मुस्लिम मौलाना ताल बिन वसाद ने अपने अनुवादक से इस बात पर सहमति जताई : ''वैसे तो मैं एक कट्टर धार्मिक मुसलमान हूं, फिर भी मैं देख सकता हूं कि कितना गुस्सा और खून-खराबा एक समस्या को निजी स्तर पर सुलझाने के बजाय धार्मिक अभिव्यक्ति में झोंका जाता है। बौद्धों ने इसका हिसाब कर रखा है।'' पाकिस्तान के मुस्लिम समुदाय की ओर से आईसीएआरयूएस के मतदाता सदस्य बिन बसाद ने आगे कहा : ''दरअसल, मेरे कुछ सबसे अच्छे दोस्त बौद्ध है।''

और येरुशलम के रब्बी शमुएल बासरस्ताइन ने कहा : ''बेशक मैं यहूदी धर्म से प्रेम करता हूं और सोचता हूं कि यह दुनिया का महानतम धर्म है। लेकिन ईमान से कहूं, तो मैं 1933 से ही हर दिन मिनयान (दैनिक यहूदी प्रार्थना) से पहले विपस्सना (बौद्ध साधना का एक प्रकार) करता आ रहा हूं। इसलिए मैं इसे समझता हूं।''

बहरहाल, इसमें एक बाधा थी आईसीएआरयूएस को ऐसा व्यक्ति नहीं मिला जिसे यह पुरस्कार (सम्मान) दिया जाता। उन्होंने जिस भी बौद्ध से संपर्क किया उसने यही कहा कि हमें इस (अवार्ड) की जरूरत नहीं है।

जब पूछा गया कि बर्मी बौद्ध समुदाय ने पुरस्कार लेने से मना क्यों किया, तो बर्मी के भंते गुराटा हंटा ने कहा : ''हम इस सम्मान को समस्त मानवता को समर्पित करते हैं, क्योंकि बुद्ध स्वभाव हम सब में है।'' ग्रोहलिचेन ने आगे कहा : ''हम तब तक संघर्ष करते रहेंगे, जब तक हमें ऐसा बौद्ध नहीं मिल जाता जो इसे स्वीकार कर लेगा। जब ऐसा होगा तो हम आपको सूचित भी कर देंगे।''

उक्त सभी समाचार भारत की सीमा के बाहर से आए हैं। गलती से भी हमें इसका अर्थ यह नहीं लगा लेना चाहिए कि बौद्ध धम्म के श्रेष्ठत्व को सिद्ध करने वाली घटनाएं भारत में घटती ही नहीं है। केवल अंतर इतना है कि हमारे देश का प्रबल मीडिया और दबंग शासक वर्ग ने अपनी सारी योग्यता एवं क्षमता एक 'धर्म विशेष' को महिमा मंडित करने के लिए ही झोंक रखी है। इंग्लैंड के हजारों सैनिकों में व्याप्त मानसिक विकृतियां उन बाबाओं और धर्म गुरूओं को झकझोरने के लिए काफी हैं जो साधना और योग के नाम पर पेट पूजा और अंधविश्वास के विषवृक्ष रोपने में लगे हुए हैं। इससे अधिक मैं और क्या कहूं-हमारे पाठक बहुत ही बुद्धिमान हैं, जो मैं नहीं कह पा रहा हूं, उसे वे बखूबी समझ रहे हैं।

भवतु सब्बमंगलं

(साभार : शिल्पकार टाइम्स)

आगामी रैली से संबंधित हैंडबिल का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि अपनी ओर से भी छपवाकर वितरित करें व तैयारी अभी से शुरू कर दें

परिसंघ के आह्वान पर निजी क्षेत्र में आरक्षण एवं आर्थिक सत्ता में भागीदारी के लिए रैली

16 दिसंबर, 2013 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे लाखों की संख्या में जंतर-मंतर, नई दिल्ली में एकत्र होकर संसद का घेराव करें

साथियों,

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की स्थापना 1997 में हुई। यह तब हुई थी जब पांच आरक्षण विरोधी आदेश भारत सरकार ने जारी किए। इसके महान संघर्ष की वजह से 81वां, 82वां एवं 85वां संवैधानिक संशोधन हुए तभी जाकर के आरक्षण बचा। इस संघर्ष की 11 दिसंबर 2000 की रैली इतनी बड़ी थी कि आजाद भारत के 10 बड़ी रैलियों में से एक मानी गई थी जिसके प्रभाव से आरक्षण बचा (हिंदुस्तान समाचार की रिपोर्ट)। 4 नवंबर 2001 को लाखों लोग बौद्ध बनें। निजी क्षेत्र में आरक्षण के महत्व को जब तक लोग समझ नहीं पाए थे तब से परिसंघ ने उठाया और अब यह राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। 2006 में जब पिछड़ों को उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण मिला तो परिसंघ ही संघर्ष करके विरोध को दबाया और आरक्षण लागू कराया। अन्ना हजारे ने जब हठ किया कि लोकपाल बने और वह संविधान से भी ऊपर हो तो हमीं ने उसका जवाब दिया। बहुजन लोकपाल बिल पेश किया और इसी से संसद में जब लोकपाल पर बहस हुई तो आरक्षण का प्रावधान रखा। कुल मिलाकर 1997 से लेकर अब तक परिसंघ ही एकमात्र संगठन रहा जिसने नतीजा देने वाली लड़ाई लड़ी। शेष अधिकतर संगठन चंदाखोरी, सभा–सम्मेलन और कैडर करने में ही लगे रहे।

निजी क्षेत्र में आरक्षण जिंदगी और मौत का प्रश्न बन गया है। यूपीए प्रथम के समय में सरकार कुछ गंभीर थी लेकिन जब हम थोड़ा अपने ही लोगों के द्वारा टांग खिंचाई से कमजोर हुए तो सरकार के ऊपर दबाव कम हुआ और अभी तक निजी क्षेत्र में नौकरी देने के लिए कानून नहीं बना। हमारे कमजोर होने से पदोन्नति में आरक्षण उत्तर प्रदेश में छीना क्यूंकि वहां के कर्मचारियों ने 4 जनवरी 2011 के बाद से भी हमारा साथ नहीं दिया। इसी दिन लखनऊ हाईकोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण समाप्त करने का फैसला लिया था। फैसले के अंतिम पैराग्राफ में उल्लेख भी था कि राज्य सरकार चाहे तो 2006 में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एम. नागराज के फैसले में शर्तों को पूरा करते हुए आगे इस अधिकार को यथास्थिति रख सकती है। उसने ऐसा ना करके सुप्रीम कोर्ट में चली गई और 27 अप्रैल 2012 को फिर से उल्टा आ गया। नागराज की तीन शर्तें– पिछड़ापन, प्रतिनिधित्व और दक्षता गलत हैं क्यूंकि 77वां, 81वां, 82वां एवं 85वां संवैधानिक संशोधनों में ऐसा नहीं है। आरक्षण कानून बनाने के लिए 2004 से बिल लंबित है और अभी तक यह संसद से पास नहीं हो सका है।

निजीकरण एवं भूमंडलीकरण की वजह से जिसके पास धन है उसी की मीडिया, सत्ता और तमाम ताकतें है। जिस दौर से हम गुजर रहे हैं उसमें विचारधारा की लड़ाई नहीं रह गई है। ऐसे में यदि दलित आदिवासी को आर्थिक सत्ता में भागीदारी के लिए प्रशिक्षण, कैडरकैम्प, तकनीकी सहायता, कर्ज, बाजार, नेटवर्क, मांग एवं पूर्ति आदि के लिए इन्हें तैयार नहीं किया गया तो ये गुलाम ही रह जाएंगे।

उपरोक्त समस्याओं के अतिरिक्त सफाई कर्मियों का बेतहाशा शोषण और इस कार्य में ठेकेदारी प्रथा है। उच्च न्यायपालिका एवं सेना में आरक्षण आदि बड़ी समस्याएं हैं। जाति–प्रमाणपत्र जारी होने में परेशानी और एक राज्य का दूसरे राज्य में ना मान्य होना, नौकरी में भारी नुकसान है। हमारे सामने दलित एकता की बड़ी चुनौती है। जब तक हम बाबा साहेब एवं अपने पूर्वजों के विचारधारा को दलित समाज के समस्त जातियों में जो कम अंबेडकरवादी हैं जैसे बाल्मिकी, खटिक, मादिगा, पासी, धानुक, धोबी, कोली आदि में नहीं फैलाते हैं, तब तक हमारी संख्या और एकता कम रहेगी और उपरोक्त अधिकारों को हासिल करना मुश्किल होगा। परिसंघ आह्वान करता है कि अब आप गैर–अंबेडकरवादियों के बीच जाकर अपने ताकत को बढ़ाएं। हमारी लड़ाई व्यवस्था परिवर्तन की है और प्रत्येक क्षेत्र में भागीदारी चाहते हैं।

उपरोक्त मांगों को लेकर के 16 दिसंबर 2013 को प्रातः 11 बजे नई दिल्ली स्थित जंतर–मंतर पर लाखों की रैली के उपरांत प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

निवेदक : इंदिरा आठवले, प्रधान महासचिव

भवनाथ पासवान, डॉ0 अनिल कुमार, एस. पी. सिंह (उ0प्र0), एस.यू. गडपायले, सिद्धार्थ भोजने, प्रकाश पाटिल (महाराष्ट्र), महासिंह भूरानिया, एस. पी. जरावता, फूल सिंह गौतम, दीपक पायलट (हरियाणा), जसबीर सिंह पाल, दर्शन सिंह चंदेढ़ (पंजाब), विनोद कुमार (मो.– 9871237186), डॉ. नाहर सिंह, एन. डी. राम, ललित कुमार, आर. सी. मथुरिया, ब्रह्म प्रकाश, ए. आर. कोली (दिल्ली), इन्द्राज सिंह, विश्राम मीना (राजस्थान), आर.वी. सिंह, हीरा लाल, एच.सी. आर्या, रोहित कुमार, जयपाल सिंह (उत्तराखंड), डी.के. बेहरा, डॉ. के. सी. मल्लिक, शंखानंद, नारायन चरन दास (उड़ीसा), परम हंस प्रसाद, आर.बी. सिंह (म.प्र.), आर. एस. मौर्या, दीपक पटेल (गुजरात), जी. रंगनाथन, बी. सगादेवन, एम. पी. कुमार (तमिलनाडु), के. रमनकुट्टी (केरल), मधु चन्द्रा (मणिपुर), महेश्वर राज, जी. शंकर, प्रेम कुमार, आई मैसया, एस. रामकृष्णा, जे. बी. राजू, वाई. एम. विजय कुमार, बी. नरसिंह राव, पी. वी. रमणा (आन्ध्र प्रदेश), अनिल मेश्राम, हर्ष मेश्राम (छत्तीसगढ़), कमल कृष्ण मंडल, तारापद बिश्वास, रामेश्वर राम, सपन हलदर (प.बंगाल), मधुसूदन कुमार, विनय मुंडू (झारखण्ड), आर.के. कलसोत्रा (जम्मू व कश्मीर), मदन राम, कुमार धीरेंद्र (बिहार), जे. श्रीनिवासलू, जी. वेंकटस्वामी, पुरुषोत्तम दास (कर्नाटक), सीताराम बंसल (हि.प्र.)

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ
पत्राचार : टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–1, फोन : 23354841–42, टेलीफैक्स : 23354843 Email : dr.uditraj@gmail.com

शेष पृष्ठ 1 का ...

हमारा जुर्म

में आरक्षण मिला तो उसके लिए संघर्ष किया। निजी क्षेत्र में आरक्षण का सतत् प्रयास चल रहा है। आगामी 16 दिसंबर को निजी क्षेत्र व पदोन्नति में आरक्षण, सफाई काम में ठेकेदारी प्रथा का खात्मा, शिक्षा में निजीकरण पर रोक आदि मुद्दों को लेकर विशाल रैली जंतर–मंतर, दिल्ली में की जा रही है। लोकपाल जब भी बनेगा दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों को आरक्षण मिलकर के रहेगा और यह परिसंघ के संघर्ष से ही संभव हुआ। दिन प्रति दिन के आधार पर लाखों कर्मचारियों–अधिकारियों और पीड़ितों के मामलों को पत्राचार, ज्ञापन एवं संघर्ष के द्वारा उठाते ही रहते हैं। इस मार्ग से होते हुए सत्ता की प्राप्ति होनी चाहिए। विकल्प दिए बगैर समाज को जगाने के नाम पर ब्राह्मणवाद के आलोचना से परिवर्तन संभव नहीं है। हमारा जुर्म यही है कि हम जिम्मेदार हैं और समाज का एक–एक कतरा का सहयोग सही इस्तेमाल करते रहे हैं लेकिन जो सहयोग हमें मिलना चाहिए था नहीं मिला। देखना है इस बात का कि कितना असर पड़ता है। मेरा निवेदन है कि इस विचार को जन–जन तक पहुंचाया जाए और फिर भी संदेह हो तो हम आगे स्पष्ट करने के लिए तैयार हैं।

जो निजी क्षेत्र में आरक्षण का वायदा न करे, उसका चुनाव में बहिष्कार

नेशनल एससी/एसटी/ओबीसी स्टूडेंट्स एंड यूथ फेडरेशन (नसोसवायएफ) का निर्माण इसलिए हुआ कि राष्ट्र स्तर पर इस प्रकार का एक भी संगठन नहीं है। कांग्रेस का संगठन एनएसयूआई, बीजेपी का एबीवीपी, सीपीएम का एसएफआई और इस तरह से और पार्टियों के संगठन है लेकिन एससी/एसटी/ओबीसी का एक भी नहीं। बिना किसी पार्टी या बड़े सामाजिक संगठन के संरक्षण के विद्यार्थियों एवं नौजवानों का संगठन राष्ट्रीय स्तर पर चल नहीं सकता और जो स्थानीय स्तर पर हैं तो उनका उत्थान और पतन होता रहेगा। प्रथम बार अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज के संरक्षण में इसकी स्थापना हुई है। परिसंघ की शाखाएं पूरे देश में है और इसका प्रबुद्ध नेतृत्व नसोसवायएफ को हर स्तर पर सहयोग देगा। परिसंघ सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन का देश का एक बड़ा संगठन है। आरक्षण बचाने की लड़ाई इसी के नेतृत्व में लड़ी गयी और लगातार संघर्ष जारी रहता है। कॉलेज और विश्वविद्यालय के स्तर पर जब कांग्रेस और भाजपा आदि की विचारधारा हमारे छात्रों को दी जाती है तो स्वाभाविक रूप से वे सही चेतना से वंचित होते हैं। ऐसे में कैसे उम्मीद की जा सकती है कि शिक्षा खत्म होने के बाद वैचारिक रूप से समाज उत्थान करने में वे सक्षम होंगे? हमारी शिक्षा रोजगार लेने के लिए दी जाती है न कि नयी सोच पैदा करने के लिए। बहुतायत को पता ही नहीं है कि जाति व्यवस्था का आर्विभाव कब हुआ, इसके क्या घातक परिणाम हैं और इससे निजात पाने के लिए विकल्प क्या है? ब्राह्मणवाद का षड्यंत्र क्या है? किस तरह से बहुजनों को हजारों जातियों में बांटकर राज करो की नीति अपनायी। जिन महापुरुषों जैसे ज्योतिबा फूले, शाहूजी महाराज, भगवान गौतम बुद्ध, कबीर दास, डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष किया और दर्शन दिया, उसके बारे में कॉलेज और विश्वविद्यालयों के समय में जानकारी मिल ही नहीं पाती। इस समय यदि सही विचार दे दिए जाएं तो देश में समतामूलक समाज स्थापित हो सकता है।

वर्तमान में मिजोरम, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव हो रहा है। किसी पार्टी के घोषणा-पत्र में एससी/एसटी/ओबीसी के छात्रों एवं नौजवानों को रोजगार, महंगाई को देखते हुए छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी एवं छात्रावास आदि सुविधा की बात शामिल नहीं है। सरकारी नौकरियों के घटने के साथ ही इन वर्गों में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या बढ़ी है। जाति व्यवस्था की वजह से बनिया, ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि को रोजगार निजी क्षेत्र में नौकरियां बढ़ने से आसानी से मिलता जा रहा है लेकिन हम कहां जाएं? जिस रफ्तार से उदारीकरण की वजह से सरकारी नौकरियां घट रही हैं तो वह दिन दूर नहीं जब शत्-प्रतिशत एससी/एसटी/ओबीसी के छात्र व नौजवान अच्छी से अच्छी शिक्षा धारण करके बेरोजगार रह जाएंगे। स्थिति यहां तक पहुंच गयी है कि यदि निजी क्षेत्र में आरक्षण नहीं तो समझो कि पढ़ाई-लिखाई का कोई मतलब नहीं रह गया। मां-बाप मेहनत और मजदूरी करके भले ही कोचिंग भी करवाएं तो भी कितने को सफलता मिलेंगी?चुनाव के समय ही अपने हक को सही ढंग से मांगा जा सकता है। हम छात्र व नौजवान सभी पार्टियों के सामने वार्तालाप, धरना-प्रदर्शन आदि करके इस मांग को रखें, जो हमारी बात मानें उसको समर्थन दें नहीं तो बहिष्कार। यदि कोई पार्टी बात नहीं मानती है तो हम सबका बहिष्कार करके एक क्रांतिकारी आंदोलन का निर्माण करेंगे।

न धन में, न धरती में, न उद्योग में, न मंदिर में, न शिक्षण संस्थानों में, न मीडिया में हमारी भागीदारी है। निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग भी पूरे हक की नहीं है। वास्तव में इन क्षेत्रों में भागीदारी की मांग करना चाहिए। क्या हमारी छोटी सी भी मांग देश में नहीं मानी जा सकती है? देश के जो बड़े उद्योगपति हैं यदि वे सोचते हैं कि हजारों-लाखों करोड़ का कारोबार उनका निजी है तो यह गलत है। हम बहुजन कच्चे वस्तुओं का उत्पादन व निर्माण करते हैं। इनके उद्योगों में काम करते हैं और उसी से सवर्ण मुनाफा कमाते हैं। सरकार जनता की है तो जाहिर सी बात है कि पुलिस भी जनता की है। यदि पुलिस की सुरक्षा न दी जाए तो क्या निजी कंपनियां व कारोबार अस्तित्व में रह सकते हैं? बिजली, सड़क, कानून-व्यवस्था आदि जनता की चुनी हुई सरकार की होती है। इनके द्वारा उत्पादित वस्तुएं या दी जा रही सेवाएं यदि बहुजन समाज उपभोग न करें तो क्या उनकी खपत हो सकती है और मुनाफा कमा सकते हैं? हम कौन सी बड़ी मांग कर रहे हैं। यदि मांग है तो केवल रोजगार पाने की न कि हिस्सेदारी की जबकि होना चाहिए। अनुसूचति जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ कई वर्षों से निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन अभी तक संसद में कोटा देने के लिए कानून नहीं बनाया। आगामी 16 दिसंबर को दिल्ली में इन मांगों को लेकर विशाल रैली होगी जिसमें भारी संख्या में शामिल होना है। ज्ञात रहे कि यूपीए प्रथम के समय न्यूनतम साझा कार्यक्रम में यह मांग शामिल थी। यदि हमारा नेतृत्व कमजोर, भ्रष्ट और बिकाऊ न होता तो यह अधिकर हमें मिल गया होता। इन्हीं के कारण हमें भी आवश्यक सहयोग समाज से नहीं मिल पाता वरना हमारे प्रभाव से ही ये मामले हल हो गए होते। छात्रों व नौजवानों से आह्वान है कि वे सड़कों पर उतरे, संघर्ष करें, सहयोग दें, जेल भरें वरना शिक्षित होकर के भी बेरोजगार रहना पड़ेगा।

-डी. हर्षवर्धन

पिछले अंक का शेष...

उत्तराखंड : मनुष्य निर्मित विनाश

रमणिका गुप्ता

दूसरा मुद्दा है अनुशासन का। देवघर में शिव के दर्शन करने हों, तो पंडित को पैसा दे दीजिए, बस दस हजार की भीड़ कतार में बाहर लगी होने के बावजूद आप दर्शन कर लेंगे। फिर अनुशासन भी क्या दरकार? क्यों कोई कतार में लगे?

तीसरा मुद्दा है अंधविश्वास/आस्था है, विश्वास है तो सोचने की क्या दरकार? बस विश्वास करो। जो धर्मग्रंथों में लिखा है, शास्त्रों में लिखा है, उसे मानो। बस कर्म करो, फल की इच्छा न करो। यानी मेहनत करो उसके एवज में मजदूरी भी न मांगो। मरने के बाद स्वर्ग में फल मिल ही जाएगा या अगले जन्म में किसी बड़े घर में पैदा हो जाएगा, तो पौ बारह हो ही जाएगी। इस जन्म में दुःख है तो क्या हुआ, अगला जन्म तो ठीक होगा ना! यह स्वर्ग या अगला जन्म किसने देखा है, जिसके भरोसे जनता को पुरुषार्थहीन बना दिया जाता है?

रह गई सरकार द्वारा व्यवस्था की बात। आपात स्थिति में राहत की व्यवस्था जरूर पहले सोचकर रखनी चाहिए लेकिन यह समय राजनीति की नहीं है। आपातकालीन व्यवस्था क्या हो सकती थी, सिवाय इसके कि इनका सूचना तंत्र ठीक रहता तो विनाश का कुछ आभास पहले मिल जाता या राहत की सामग्री तैयार रहती तो समय पर दी जा सकती थी। लोग भूख से तो नहीं मरते या घटनास्थलों से ढ़ो कर लाने में देरी के कारण तो मारे नहीं जाते। लेकिन हम भी तो कम दोषी नहीं है। हमारे लोग भी तो जब तक पानी सर तक न पहुंच जाए-घर छोड़ने को तैयार नहीं होते। बिहार में आई 1975 की बाढ़ का मैं प्रत्यक्षदर्शी हूं।

उत्तराखंड की सड़कें टूट गयी हैं। अब सड़क कोई ऐसा उपस्कर तो नहीं कि बनाकर स्टोर में रखी जा सके और जरूरत पड़ने पर तुरंत बिछा दी जाए कि लोग उस पर चलकर आ जाएं। हेलिकॉप्टर और हवाई जहाज उपलब्ध करा दिए हैं और सेना लोगों को ला भी रही है। रही बात सरकार, प्रशासन, अफसर, पुलिस व अधिकारियों की निष्ठा से काम करने की। इस पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। योजनाओं को समय पर पूरा न करने पर भी प्रश्नचिन्ह लगाया जा सकता है। आपातकाल की तैयारी पर कोताही बरतने का आरोप भी अपनी जगह सही हो सकता है। लेकिन आरोप लगाने से पहले एक किस्सा सुनें। मिर्ची से भूत भगाया जाता है लेकिन जब मिर्ची में ही भूत घुस जाए, तो कैसे भागेगा भूत? भूत ही मिर्च का आदी जो जाए, तो क्या हश्र होगा आप समझ सकते हैं? यहां तो मिर्च में ही भूत घुस गया है। पूरा का पूरा 'आवा' ही ऊत गया है। सारा प्रशासन आज नहीं, पहले से ही भ्रष्ट है। फिर उत्तराखंड की दुर्घटना से प्रशासन का रवैया एकाएक कैसे बदल जाएगा? जिन्हें हर आपातकाल पैसा बनाने का जरिया नजर आता हो। उनसे यह उम्मीद की जा सकती है? ये नौकरशाही भी जनता के बीच से ही आती है। उसकी मानसिकता बदलने के लिए व्यवस्था बदलनी होगी और व्यवस्था बदलने के लिए सरकार की नहीं, जनता की दरकार होती है। जनता का हथियार होता है क्रांति। क्या हम क्रांति के लिए तैयार हैं? शायद नहीं। हम तो बहुत धैर्यवान लोग हैं। भगवान का नाम लेकर किसी की इज्जत लूट लेते हैं या अपनी बहू-बेटी की इज्जत गंवाने को तैयार रहते हैं। भगवान का नाम लेकर किसी की हत्या तक कर देते हैं। इंसान की मार भी सह लेते हैं और प्रकृति का उत्पात भी। कभी-कभार थोड़ी देर हल्ला करते हैं। कुछ लोग गरियाते हैं, तो बाकी लोग उसकी वाक्पटुता पर ताली बजाते हैं। बाबाधाम जाना हो तो पेट के बल रेंगते हुए चले जाते हैं। केदारनाथ धाम में बर्फ को झेलते-झेलते पहुंच जाते हैं, लेकिन रोजगार के अधिकार की बात करनी हो, मानवता के अधिकारों की बात करनी हो, तो कुछ संगठित तबकों को छोड़कर, लोग घर से बाहर नहीं निकलते। खासकर मध्यमवर्गीय तबका, जो अपने स्वार्थ पर तो बाहर निकल आता है लेकिन मारूती के मजदूरों के आंदोलन पर, हकों के लिए उनके गोलियों से भून दिए जाने पर उनका साथ देने के बजाय, हड़ताल का विरोध करता है। लेकिन अभी भी करने के लिए बहुत बाकी है। अपने हित में सोचने वाले लोग क्रांति नहीं ला सकते। व्यक्ति क्रांति नहीं लाते, साधु-संत क्रांति नहीं करते, जमातें क्रांति किया करती हैं। लेकिन भारत के जातितंत्र ने मनुष्य को इतना बांट दिया कि वह जमात बन ही नहीं सका। गुजरात में भूचाल आया तो राहत के लिए लगाए गए कैंपों में सवर्णों ने दलितों को राहत नहीं बांटने दी और दलितों के हाथों से सवर्णों ने राहत नहीं स्वीकार की।

बहुत बड़ी लड़ाई लड़नी है इस देश का इन वर्चस्ववादी सामंती प्रवृत्तियों, बाजारवाद और पूंजीवाद रुझानों से मुक्ति पाने के लिए। ये व्यवस्थाएं व्यक्तिवादी है, समाज हित की नहीं। हमें बदलाव लाने के लिए सामूहिक और संवेदनशील सामाजिक व्यवस्था चाहिए जो समाज की सोचे, समाज हित की नहीं। क्या हमारा लोकतंत्र, जो भीड़तंत्र, जाति-तंत्र, धर्म-मंत्र और क्षेत्र-तंत्र बनकर रह गया है, देश को राहत देने के काबिल है? यह भी सोचने का विषय है। भारतीय लोकतंत्र को कैसे इन उपरोक्त तंत्रों से बचाया जाए, यह एक यक्ष प्रश्न है।

उत्तराखंड से लौटे लोगों के मन में यदि यह बात कौंध जाए कि भगवान भी कुछ नहीं कर सकता, तो शायद वे तर्क करना सीख जाएं और उनका एक मजबूत कदम मनुष्यता की तरफ बढ जाए।

Samples of the Handbill for the forthcomming Rally are being published. It is an earnest appeal to the Confederation Leaders that they should get these printed and distributed

Confederation Call For A Rally For Reservation In Pvt. Sector And Economic Empowerment

Dr. Udit Raj
National Chairman

On 16th December, 2013 (Monday) at 11 AM, Lakhs of People to Assemble at Jantar-Mantar, New Delhi, And Then To Gherao Parliament

Friends,

The All India Confederation of SC/ST Organizations was established in 1997 to ensure 5 anti-reservation orders issued by the DOPT. Our struggle was so vibrant that one of the rallies held on 11th December, 2000, is reckoned as the biggest rally after Independence. Another feather in the cap of our struggle was mobilization of lakhs of Dalits for conversion to Buddhism on November 4, 2001. When people hardly understood the implication of privatization, the Confederation raised the issue of private sector reservation. In 2006, reservation was given in higher education for OBCs although opposition was so huge and we immediately countered and as a result, it was successfully implemented. When Anna Hazare went on a fast in 2011 and the countrywide mood swung in his favour to bring about one Lok Pal Bill, even at the cost of sovereignty of the Constitution, the Confederation not only replied with matching demonstration but also presented their version of Bahujan Lok Pal Bill. When the Parliament took up this issue for debate, reservation for SC/ST/OBC and minorities in the Lok Pal Bill was considered as envisaged in the Bahujan Lok Pal Bill. Since 1997, the Confederation is the only organization in the country which has struggled and brought forth positive results whereas others have engaged themselves mostly in raising funds, holding seminars, public meetings and conducting cadre camps which are merely a theroretical exercise.

